## खबर संक्षेप



### शहर में निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**कटनी।** शुक्रवार को परशुराम जन्मउत्सव क्रे अबसर पर जिले भर मे विभिन्न कार्यक्रम चलते रहे जगह जगह हवन पूजन भंडारे का आयोजन चलता रहा। स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से ब्राह्मण समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया जो शहर क्रे स्टेशन रोड से होते हुए सुभाष चौक, झंडा बज़ार, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए ब्राह्मण सत्संग भवन मे आरती क्रे साथ समापन हुई। शोभायात्रा मे भगवान परशुराम का रथ लेकर चल रहे लोग उनकी भेषभूसा मे चलते नजर आये महिलाये भी शोभायात्रा आगे आगे भजनो की धुन पर चल रही थी। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ। इस दौरान ब्राह्मण समाज क्रे विभव राम त्रिपाठी, राजू शर्मा, बिल्लू शर्मा, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, अज्जू शर्मा, सुनील मिश्रा, नीरज दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, आशीष तिवारी, मृदुल द्विवेदी, सुजीत द्विवेदी, गोल्ड़न पांडे, सूर्यकान्त गौतम, दीपक तिवारी, गीता पाठक, कल्पना दुबे, ममता गर्ग, मंजूषा गौतम सहित समाज क्रे लोग शामिल हुए।

### ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद शनिवार 11 मई को दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा करेंगे। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, वाटरशेड, पंचायतीराज ,मनरेगा, जिला शिक्षा केन्द्र, जल जीवन मिशन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कार्यो की विस्तारपूर्वक समीक्षा की जायेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिशिर गेमावत ने कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी मनरेगा उपयंत्री को बिन्दुवार जानकारी के साथ आयोजित बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज



**कटनी।** नेशनल लोक अदालत शनिवार 11 मई को आयोजित की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेवल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जायेगा जिसमें मध्यप्रदेश सरकार पक्षकार है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा।

लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण, धन वसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले, श्रम एवं रोजगार विवादों से संबंधित मामले, बिजली, पानी और अन्य बिल भुगतान से संबंधित मामले, वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, वेतन-भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के सेवा मामलों से संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किये जायेंगे।

### ई रिक्शा चालकों के न रूट तय हो सके न सेंट्रल पार्किंग के निर्णय का हुआ पालन

# दौड़ने की बजाये घिसट रहा नगर का यातायात, किसी को नहीं है सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

शहर का अराजक यातायात नासूर बन चुका है। आलम यह है कि मुख्य मार्ग सहित तिराहे चौराहों दिन भर जाम की स्थिति से वाहन चालकों फजीहत हो रही है। फुटपाथ के अस्थायी अतिक्रमण हटाने में भी संजीदगी नहीं दिखाई जा रही। नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में से शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जहां समस्या न हो। फुटपाथी कारोबारियों और वाहनों की पार्किंग के चलते 20 से 40 फीट की सड़कें सिकुड़कर 8 से 10 फीट की ही रह जाती है। शहर की यातायात व्यवस्था को यातायात पुलिस ने लावारिस छोड़ दिया है। जिम्मेदारों की उदासीनता और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मॉनीटरिंग में बरती जा रही अनदेखी से शहर के अधिकांश मार्ग दुर्दशा के शिकार है। मार्गों में दिन भर जाम लग रहा है। ऑटो रिक्शा से लेकर चार पहिया वाहन दिन भर शहर की सड़कों में धमाचौकड़ी मचाते हुए यातायात व्यवस्था खराब कर दिया है। मौजूदा व्यवस्था के पहले की बात की जाए तो शहर में की सड़कों पर एकांगी



व्यवस्था बनाई गई थी, चौराहे में यातायात कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती थी, शहर की सड़कों में यातायात पुलिस द्वारा आवागमन को सुगम बनाए रखने प्रयास किए जाते थे, लेकिन वर्तमान शहर को यातायात पुलिस ने लावारिस छोड़ दिया है, जिसका नतीजा हर सड़क में जाम के रुप में सामने आ रहा है।

#### बेधड़क घुस रहे चारपहिया

मुख्य मार्ग में जाम की समस्या को कम करने के लिए सवारी आटो को कोतवाली तिराहे से मार्ग डायवर्ट कर संचालन की अनुमति प्रदान की गई है जबकि चारपहिया वाहनों पर यह आदेश बेअसर है। अस्थायी अतिक्रमण के चलते और जाम की समस्या को कम करने के लिए चारपहिया वाहनों को भी डायवर्टिड मार्ग से निकालना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा। कोतवाली तिराहे से लेकर स्टेशन तिराहे, झंडाबाजार, गोलबाजार क्षेत्र में एक भी चारपहिया वाहन आ गया तो जाम की स्थिति निर्मित होना तय है। जब तक चारपहिया वाहन आगे चल रहा है तब तक दूसरे वाहन चालकों को उसके पीछे ही चलना होगा। इसकी एक सबसे अहम वजह यह है कि स्थायी दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने फुटपाथ पर ही सामग्री लगा देते हैं, रही सही कसर वाहनों की पार्किंग से पूरी हो जाती है।

शहर के मुख्य तिराहे व चौराहे अस्थायी पार्किंग स्थल बन चुके हैं। शहर का सुभाष चौक हो या कचहरी तिराहा यहां कारों की पार्किंग लगी रहती है। सुभाष चौक में भी गांधी द्वार की तरह ही हर दस मिनट में जाम की स्थिति बनती है। मुख्य स्टेशन से सुभाष चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर ई रिक्शा वाहनों की दिन भर धमाचौकड़ी रहती हैं, जिसके कारण भी आवागमन प्रभावित होता है। स्टेशन की ओर जाने वाली रोड पर दोपहिया वाहनों के लिए सेंट्रल पार्किंग की व्यवस्था को खत्म करने का निर्णय लिया गया था लेकिन यह भी अमल में नहीं आ पाया। यातायात पुलिस इस समस्या पर भी उदासीन है। तिराहे चौराहों में चालानी कार्यवाही तो की जा रही है लेकिन समस्याओं को दूर करने के लिए किसी के पास फुर्सत नहीं है।

# टीडीएस एवं टीसीएस संबंधित सेमिनार 13 को

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

आयकर अधिनियम, 1961 के टी.डी.एस प्रावधानों के तहत टीडीएस और टीसीएस की कटौती, संग्रह में विफलता, कम कटौती के अलावा विवरण प्रस्तुत न करने अथवा देर से दाखिल करनें से कटौतीकर्ता (नियोक्ता, भुगतानकर्ता,डीडीओ) टीडीएस डिफाल्ट का दोषी बन जाने के कारण आयकर विलंब शुल्क, जुर्माने का भुगतान करने के लिये उत्तरदायी होने से अभियोजन की कार्यवाही शुरू होने की संभावना होती है। इन परिस्थितियों से बचने के लिए कार्यालय प्रधान आयकर आयुक्त, आयकर भवन, नेपियर टाउन, जबलपुर में ग टीडीएस और टीसीएस संबंधित सेमिनार का आयोजन 13 मई को किया जा रहा है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखो को आयकर विभाग संबंधित कटौतीकर्ताओं संग्रहकों से उनके मुद्दों के संबंध में सीधी बात करना चाहता है को संबंधित विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारी व कटौतीकर्ताओं को अपने कर्मचारियों के साथ इस बैठक में भाग लेने हेतु 13 मई को प्रातः 11 बजे कार्यालय प्रधान आयकर आयुक्त, आयकर भवन, नेपियर टाउन, जबलपुर में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। आयकर अधिनियम, 1961 के टी.डी.एस प्रावधानों के तहत नियोक्ता, भुगतानकर्ता को भुगतान के समय या खाते में संचय के समय, सामान्य कर स्लैब दर पर या आयकर के अध्याय में प्रदान की गई विशिष्ट दरों पर आयकर काटने संग्रह करने की आवश्यकता होती है।

इस सेमिनार का उद्देश्य आयकर अधिनियम 1961 के टीडीएस प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान कर टीडीएस रिटर्न समय पर दाखिल करने के बारे में शिक्षित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त सेमीनार में कम भुगतान, कटौती तथा देर से भुगतान पर लगाने वाले ब्याज आदि के बारे में जागरूक करने, मांग को कम करने , बिना उपयोग किये गये चालान की टैगिंग, टीडीएस मिसमैच हानें के दौरान मांग को कम करनें तथा गलत रिटर्न दाखिल करने से हुई शिकायत का समाधान करानें के अलावा फॉर्म 24 क्यू, 26 क्यू, 27 ईक्यू और फार्म 16, 16ए तथा 27 डी में नवीनतम संशोधन के बारे में चर्चा की जायेगी।

**माधवनगर पुलिस ने अभियान चला कर सभी को ढूंढा**

# लापता बालक बालिकों सहित 7 को दस्तयाब कर परिजनों से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ⏩ ढीमरखेड़ा

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं डॉ. संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अनूप सिंह थाना प्रभारी माधवनगर पुलिस द्वारा लगातार अपहृता/अपहृत बालक /बालिका एवं महिला/पुरूषों की अभियान चलाकर तलाश पतासाजी की जाकर दस्तयाबी पश्चात उनके माता पिता/परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

माधवनगर पुलिस ने अपहृत बालक, बालिका एवं गुम व्यक्तियों सहित 07 को दस्तयाब किया है। पुलिस के अनुसार 16 वर्षीय बालिका निवासी शिवराजपुर चौकी निवार की 26.03.24 के सुबह घर में बिना बताये अन्यत्र चली गई थी जिसे पुलिस द्वारा जबलपुर शहर से खोजबीन कर दिनांक 26.04.24 को दस्तयाब किया गया जाकर बालिका के परिजनों के सुपुर्द किया गया। इसी तरह 22.04.24 की गुमषुदा 16 वर्ष 04 माह की बालिका निवासी बंगला लाईन की जो कि घर से बिना बताये राजस्थान चली गई थी जिसे माधवनगर पुलिस द्वारा 24.04.24 को कोटा राजस्थान से दस्तयाब किया जाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

दिनांक 26.04.24 का गुमषुदा 17 वर्षीय बालक निवासी कैम्प माधवनगर का जो कि बिना बताये कही चला गया था जिसे माधवनगर पुलिस द्वारा कटनी शहर से तत्काल खोजबीन कर दिनांक 02.05.24 को दस्तयाब किया गया है। 4- दिनांक 05.05.24 की गुमषुदा 14 वर्षीय बालिका निवासी बंगला लाईन को माधवनगर पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर कटनी शहर के पार्क से दिनांक 06.05.24 को दस्तयाब किया गया है।

दिनांक 27.02.2023 से गुमषुदा 24 वर्षीय महिला जो बिना बताये घर से बाहर चली गई थी जिसे जबलपुर शहर से दिनांक 08.05.24 को दस्तयाब किया गया। 6- दिनांक 28.10.23 से गुमषुदा 18 वर्षीय महिला जो बिना बताये घर से कही चली गई थी जिसे दमोह जिला से दिनांक 08.05.24 को दस्तयाब किया गया। 7- दिनांक 30.04.24 की गुमषुदा 21 वर्षीय महिला जो कि घर से बिना बताये कही चली गई थी जिसे 48 घण्टे के अन्दर कटनी शहर से खोजबीन कर माधवनगर पुलिस द्वारा दिनांक 02.05.24 को दस्तयाब किया गया।

लापता बालक बालिकाओं की दस्तयाबी में निरीक्षक अनूप सिंह, उनि प्रतिक्षा सिंह, उनि दुर्गेष तिवारी, उनि महेन्द्र जायसवाल चौकी प्रभारी झिंझरी, सउनि शषि भूषण सिंह, प्र.आर. दानबहादुर, प्र.आर. आकेष तिवारी, आरक्षक पंकज यादव, आरक्षक अमित पाण्डेय, आरक्षक नीरज दुबे, आरक्षक अरविंद कुशवाहा की अहम भूमिका रही।

### धूमधाम से मनाया गया मां शारदा का प्रकटोत्सव



बरगवां स्थित श्री भूमि प्रगट माँ शारदा का 51 वा प्रकट महाउत्सव कार्यक्रम शुक्रवार क़ो धूमधाम से मनाया गयाञ मंदिर में माताजी की आरती, हवन, कन्या पूजन क़े साथ भण्डारे का आयोजन भी किया गया। भजन संध्या का आयोजन भी हुआ। देशराज गुप्ता एवम श्रीमती यशोदा गुप्ता के द्वारा विशाल भंडारा का कार्यक्रम आयोजित श्री भूमि प्रकट माँ शारदा मंदिर बरगवां में दोपहर 12 बजे आरती एवम विशाल भंडारा दोपहर 1 बजे से दोपहर 4 बजे तक चला। इसके उपरांत मंदिर परिसर मे विशाल देवी जागरण का कार्यक्रम सुप्रसिद्ध गायिका संजो सिंह बघेल एवम उनके सदस्यों द्वारा प्रसुस्ति दी। आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, महापौर प्रीति संजीव सूरी, पीताम्बर टोपानानी, श्रीराम गुप्ता, रुपाली गुप्ता आदि शामिल हुए।

# विजयराघवगढ़ कॉलेज में जैविक खेती की हुई प्रायोगिक परीक्षाएं



हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत व्यवसायिक शिक्षा के तहत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राचार्या डॉक्टर सुषमा श्रीवास्तव की मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ अरुण कुमार सिंह एवं डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा पाठ्यक्रम के अनुसार विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के पश्चात विद्यार्थियों की लिखित एवं मौखिक परीक्षा बाह्य परीक्षक अश्विनी कुमार गर्ग एवं आंतरिक परीक्षक रामसुख दुबे द्वारा स्नातक प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की ली गई। परीक्षा संपन्न कराने में कॉलेज के स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया। विभाग के निरंतर प्रयासों से विगत कुछ वर्षों से छात्रों में जैविक खेती विषय को अध्ययन के लिए चुनाव करने से विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है।

**माधवनगर पुलिस ने बैठक का आयोजन कर दी जानकारी**

# अपराधों से बचने लोगों को किया जागरूक, समस्याओं का निबटारा



हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

गांवों एवं मोहल्लो में अपराध के संबंध में जागरुगता के अभाव में जिले में नाबालिग लड़कियों के गुमने, सायबर अपराध का शिकार होने, सड़क दुर्घटना में मृत्यु अथवा घायल होने की घटनाओं में बद्धि वृद्धि को देखते हुए थाना माधवनगर क्षेत्र के ग्राम मोहल्ला में मीटिंग का आयोजन कर निम्न बिदुओं पर चर्चा की गई। मीटिंग में नाबालिग बच्चियों के गुमने के संबंध में जनता को जागरुक करना, सायबर अपराध का शिकार होने के संबंध में जनता को जागरुक करना, सड़क दुर्घटना में मृत्यु अथवा घायल होने की घटनाओं के संबंध में जनता को जागरुक करना, पेय जल समस्याये सुनना, नशा मुक्ति के संबंध में जनता को जागरुक करना, किसानो की समस्याये सुनना, बिजली की समस्याये सुनने सहित अन्य समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निराकरण करने की कार्यवाही की गई।

### प्रेमी युगल के परिजनों को समझाइश देकर शादी के लिए कराई रजामंदी

जनसंवाद कार्यक्र के दौरान माधवनगर पुलिस ने एक प्रेमी युगल के परिजनों को बुलवाया। दोनो पक्षों की पूरी बात सुनकर समझाइश दी गई। पुलिस द्वारा समझाइश दिये जाने पर दोनो पक्षों के लोग मान गये और शादी कराने के लिए भी रजामंदी दिलाई।

### प्रतिबंध के बाद भी अमानक पालीथिन की हो रही बेरोकटोक बिक्री

# नागरिकों में आ रही जागरूकता न जिम्मेदार दे रहे कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद भी शहर में लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 आइटम्स को पर्यावरण संरक्षण एक्ट के तहत प्रतिबंधित किया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। प्रशासन द्वारा बीच-बीच एकाधिक दुकानदारों पर कार्यवाही कर अभियान के नाम पर महज खानापूर्ति ही किया जा रहा है।

#### उपयोग में आसान, परिणाम हैं खतरनाक

गौरतलब है कि हर मौके पर उपयोग के लिये सुगम लेकिन फेंकने के बाद खतरनाक अमानक पालीथिन के उपयोग पर पूरी तरह से पाबंदी है। एक बार फिर बाजार में



सेहत के लिये खतरा बनी पालीथिन का उपयोग बेरोकटोक हो गया है। ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचाव, पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के उद्देश्य को शहर-शहर तक पहुंचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी कर दिया गया है। जागरूकता के अभाव और अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना प्रयास के कारण शहर सहित ग्रामीण अंचलों में बेरोकटोक अमानक पालीथिन का उपयोग किया जा रहा है। लोग सब्जी, राशन सहित अन्य सामग्री के लिए बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक के साथ खरीदारी और बिक्री करते देखे गए। इसके हानिकारक प्रभाव और दूरगामी दुष्प्रभाव से बेपरवाह लोग जागरूकता के अभाव में इस पर ध्यान नहीं दे रहे, इसलिए बाजारों में अभी सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के बावजूद उपयोग में लाया जा रहा है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग तथा स्वच्छता जैसी समस्याओं को जड़ से मिटाने के प्रयास में सबसे बड़ी बाधा सिद्ध हो सकता है।

धरती को क्लीन और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लोगों को यह छोटा सा निजी जिम्मेवारी निभाना आवश्यक है। राज्य सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बावजूद इसका उपयोग करने पर व्यक्ति दंड का भागी बन सकता है। स्थानीय प्रशासन द्वारा टीम गठित कर इसे जन जागरूकता अभियान के द्वारा प्रतिबंध को लागू करने तथा इस्तेमाल कर रहे लोगों को पूर्ण रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक दंड को लागू करने का निर्देश दिया गया है।

पालीथिन जितना पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक हैं, मवेशियों के लिये पॉलीथिन जहर की तरह होती है। खाने पीने की बची हुई सामग्री पालीथिन में भरकर फेक देने से मवेशी उसे खा लेते हैं । मिटटी में जाकर जहां यह पौधो की वृद्वि में बाधा बन जाती है। जानकारों के अनुसार पालीथिन एक पेट्रो केमिकल उत्पाद है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है जो कि सभी के लिये हानिकारक माना जाता है। जानकारो के मुताबिक प्लाटिक के थैलों के निर्माण में कैडमियम व जस्ता जैसी विषैली धातुओं का उपयोग होता है। यह धातु खतरनाक मानी जाती है जो जानवरों के पेट में जाकर उनकी मेटाबालिज्म प्रक्रिया को प्रभावित कर देती है। इससे पेट फूलने के साथ ही जानवर की भी मौत हो जाती है। यह विषैला तत्व खाद्य पदार्थो को विषैला बना देता है।

# स्वास्थ्य अमले ने बालिका की होम काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

पेट दर्द से पीड़ित अमकुही निवासी 15 वर्षीय नेहा पिता दीपक भूमिया का जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा इलाज से इंकार करने की व्हाट्सएप में प्रसारित खबर को जिला प्रशासन ने गुरुवार की रात में ही संज्ञान में लेकर त्वरित रुप से संवेदनशील और मानवीय पहल की । पीड़ित बालिका नेहा के माता-पिता को समझाइश देकर गुरुवार की रात करीब 11.50 बजे नेहा को जिला चिकित्सालय के सर्जरी वार्ड में एडमिट कराया गया। सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा के मुताबिक नेहा को पैरीटोनाइटिस बीमारी है, जिसमें पेट के अंदर अल्सर की वज़ह से सूजन आ जाती है और पेट में दर्द होता है।

जिला प्रशासन की त्वरित पहल और निर्देश के बाद स्वास्थ्य अमले ने बीमारी से पीड़ित बालिका के अमकुही स्थित घर पहुंच कर माता -पिता और बीमार बालिका की काउंसिलिंग की। चिकित्सकीय स्टाफ ने काउंसलिंग में समझाया कि पीड़िता को घर में रखना बीमारी की समस्या का समाधान नहीं है। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होना ही बेहतर होगा, तभी बिटिया को दर्द के कष्ट से मुक्ति मिल सकेगी। स्वास्थ्य टीम की काउंसिलिंग का व्यापक प्रभाव पड़ा और नेहा के माता-पिता और परिजनों की सहमति से नेहा को गुरुवार की रात करीब 11.50 बजे जिला चिकित्सालय कटनी के सर्जरी वार्ड में एडमिट किया गया। यहां रात में ही सर्जिकल स्पेशलिस्ट डॉ रोहित हरचंदानी ने नेहा की जांच कर उपचार शुरू किया। वहीं शुक्रवार की सुबह डॉ आशीष पांडे द्वारा पीड़ित बालिका को देखा गया।

## खबर संक्षेप



### विधि विधान से पूजा कर गुड्डा गुड़ियों का रचाया विवाह

**बड़वारा।** नगर में हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया अक्षय तृतीया का पर्व। पौराणिक मान्यता के अनुसार वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाता है। आज ही के दिन भगवान परशुराम जी का प्राकट्य हुआ था। आज ही मां गंगा का अवतरण हुआ था लोगों को पाप से मुक्ति दिलाने के लिए। आज के दिन नवीन वस्त्र ,आभूषण बनवाना, नवीन वस्त्र बनवाना बेहद शुभ माना जाता है। नगर में सुबह से ही गुड्डे गुड़यिों की विक्री करने के लिए दुकाने सज गई थीं। अक्षय तृतीया पर घरों में लड़कियों ने नवीन पोशाक पहनकर बड़ी ही खुशी के साथ गुड्डे गुडियों को नए वस्त्र पहनाकर दूल्हा दुल्हन की तरह तैयार कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा गईं । गुड्डा गुड़यिों को सात फेरे लगवाए गए तथा विवाह की सारी रस्मे पूरी की गईं। तदोपरान्त सत्तू,चना दाल,पकोड़े ,गुड़ आदि का भोग लगाया गया। अंत मे सभी को प्रसाद वितरित की गई।

### घर में घुसकर युवक के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गर रबर फैक्ट्री रोड निवासी युवक पर घर में घुसकर मारपीट किये जाने की घटना सामने आई है। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार रबर फैक्ट्री रोड निवासी अनूप पिता सर्वेश सिंह तोमर 26 सोम कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। घायल अनूप ने बताया कि बीती रात 12:50 पर बोलेरो में 6 से 7 लोग जिसमें सुनील, रोशन सिंह, नरेंद्र तिवारी, राजकुमार चौधरी व अन्य लोगों ने डंडे और चाकू से घर में घुसकर मुझ पर हमला कर दिया तथा मुझे चाकू मारी और चले गए। मेरा उनसे कोई विवाद नहीं था क्यों मारा नहीं मालूम। सह कर्मचारियों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

### पोर्टल में मिलेंगे नक्शे, नहीं लगाने होंगे चक्कर



**कटनी।** नगर निगम क्षेत्र में अब दो हजार वर्ग फीट तक के प्लाट में मकान बनाने के लिए नगर निगम व आर्किटेक्ट के चक्कर नहीं काटने होंगे। लगभग एक माह पूर्व इस तरह के आदेश जारी हो गए हैं। पोर्टल में ही नक्शे मिलेंगे और लोग अपनी आइडी बनाकर सीधे उसमें से आनलाइन परमीशन ले सकेंगे। विभाग ने यह सुविधा एबी पास पोर्टल में देने की बात कही है। पोर्टल में उपलब्ध नक्शों में से अपनी पसंद के नक्शे के आधार पर लोग मोबाइल या कम्प्यूटर के माध्यम से आवेदन कर फीस जमा करते हुए खुद की अनुमति ले सकते हैं। अभी तक अनुमति की प्रक्रिया एक हजार वर्गफीट तक के प्लाट के लिए मान्य थी और सरकार ने इसे बढ़ाकर अब दो हजार वर्गफीट कर दिया है। आचार संहिता के समाप्त होने के बाद नई व्यवस्था पोर्टल पर लागू कर दी जाएगी। जिसके बाद लोगों को लाभ मिलेगा, हालांकि इसके बाद भी नगर निगम के भवन निर्माण अनुज्ञा शाखा का अमला संबंधित के निर्माण स्थल का मुआयना कर सकेगा। मौके पर निर्माणकर्ता द्वारा चुने गए नक्शे के आधार पर यदि निर्माण नहीं मिलता है तो निगम अमले के प्रतिवेदन के आधार पर अनुमति निरस्त भी की जा सकेगी। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी, नगर निगम राहुल जाखड़ ने बताया कि दो हजार वर्ग फीट तक के प्लाट में भवन निर्माण अनुमति व नक्शा स्वीकृति के लिए पोर्टल के माध्यम से सीधे अनुमति लेने के आदेश हुए हैं लेकिन अभी तक उसे पोर्टल पर अपडेट नहीं किया गया है। अनुमान है कि आचार संहिता के समाप्त होने के बाद नई व्यवस्था लागू होगी।

## नियमों में जहां पर रोक वहीं पर खड़े है मोबाइल टॉवर, जिम्मेदार उदासीन

# रिहायशी बस्ती, स्कूल, अस्पतालों के साथ साथ घरों की छत में खड़े मोबाइल टावर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर व आसपास मोबाइल टावरों को नियम विरूद्ध तरीके से लगाया गया है। नियमों में जिन स्थानों से दूरी होना चाहिए वहीं पर टॉवर खड़े किये गए हैं। नगर सहित उप नगरीय व ग्रामीण अंचलों में नजरें दौड़ाई जाएं तो मोबाइल टॉवर अस्पतालों, स्कूलों, रिहायशी बस्ती के बीच तथा घरों की छत पर खड़े हैं। हैरानी की बात तो यह है कि शासन की ओर जिन जिन क्षेत्रो को टावर के लिये प्रतिबंधित किया गया है ज्यादातर उन्ही चिन्हित जगहो पर टावर नजर आ रहे है। बावजूद इसके कार्यवाही तो दूर कभी नोटिस तक नही थमाया जा रहा है। इस ओर जांच पड़ताल की न विभागीय अफसर और न ही निगम अफसरो को फिक्र है।

गौरतलब है कि स्कूल और अस्पताल कैम्पस में मोबाइल टावर पर पाबंदी है। एक किलोमीटर के दायरे में दो टावर नही होने चाहिये। टावर रिहायशी क्षेत्रो से दूर हो। टावरो के बेस स्टेशन की साइटस पर हर हाल में वार्निग बोर्ड लगाये जाये। मोबाइल टावर



लगाने की लंबी चौड़ी गाइडलाइन की ये कुछ लाइने है। हर मोबाइल कंपनी को टावर लगाने पहले इन निर्देशो का पालन सुनिश्चित किये जाने निर्देशित किया गया है लेकिन नगर में नियमों को धता बताकर सैकड़ो टावर संचालित है। दरअसल नगर निगम सीमा क्षेत्र में इनवायरमेंट प्रोटेक्शन एक्ट 1996 के अन्तर्गत मोबाइल टावर लगाने के संबध में जारी की गई गाइडलाइन और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों पर अमल किया जाये तो एक सैकड़ा में से बमुश्किल दर्जन भर टावर ही नियम के तहत पाये जायेगें। इतना सब होने के बावजूद खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे मोबाइल कंपनियो के टावरो पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है।

### देखकर भी हो रही अनदेखी

टावरो को लगाने के संबंध में गाइडलाइन जारी की थी लेकिन कमाई की लालच पर लोग अपने घरो पर टावर लगवा रहे है। प्रशासन की ओर से भी नियमो का उल्लघंन करने वालो पर कार्यवाही नही की जा रही है। जिम्मेदारो की अनदेखी के चलते पहले से गलत जगह पर लगे टावरो के अलावा और तादाद बढ़ती जा रही है। जिसका जनसामान्य पर परोक्ष असर पड़ रहा है। सघन आवासीय क्षेत्र में जिसके मकान प्रतिष्ठान में टावर है खतरा उन्हे भी है लेकिन उन्हे तो फिर भी किराया मिल रहा है लेकिन एकदम पड़ोसी करीबियों को अनचाहे ही रेडिएशन झेलनी पड़ रही है। ऐसे अवैध टावरो पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही तो दूर आज तक चिन्हित किये जाने तक की जहमतन नही उठाई जा रही।

कोर्ट और मंत्रालय की जो गाइडलाइन मोबाइल टावर लगाने के लिये है ठीक उसी गाइडलाइन के विपरीत टावर लगाये गये है। मसलन अस्पताल और आवासीय क्षेत्रो में टावर नही लगाया जाना है ठीक 90 फीसद टावर उन्ही प्रतिबंधित जगहो पर लगे है। जैसे एक किमी के दायरे में दूसरा टावर नही होना चाहिये जबकि जिस क्षेत्र में टावर है जो एक किमी के दायरे में ही एक साथ दर्जनों टावर है। बाकी क्षेत्र खाली पड़ा है। इस तरह जो नियम टावर की पाबंदियों के लिये लगाये गये है उसी पर अमल किया गया है। इतना सब होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग या अधिकारियों द्वारा आज तक मनमानी पर उतारू टावर कंपनियों पर कार्यवाही नही की जा रही है। जिसका खामियाजा आम रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

हैरानी की बात तो यह है कि अस्पतालो के छत भी मोबाइल टावरो से अछूते नही है। इस संबध में जिला प्रशासन को भी पुख्ता जानकारी होने के बावजूद कोई कार्यवाही नही की जा रही है।

# आवारा मवेशियों को पकड़ने में बेपरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सार्वजनिक सड़कों एवं स्थानों पर पशुओ को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों को एक हजार रुपये तक का जुर्माना लगाने कर प्रावधान किया है। इसके लिए राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम 1956 तथा मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 में संशोधन किया है। इसके अनुसार मवेशियों एवं अन्य पशुओं को सार्वजनिक सड़कों एवं स्थानों पर खुला छोड़ना अथवा बांधना जो भी कोई भी जानबूझकर अथवा उपेक्षापूर्वक किसी मवेशी अथवा अन्य पशु को सार्वजनिक सड़क अथवा स्थान पर खुला छोड़ते है, अथवा बांधता है, जिसके कारण किसी व्यक्ति को क्षति होती है या संपत्ति को नुकसान होता है या संकटापन्न होता है और लोक न्यूसेंस कारित होता है, तो वह राज्य सरकार द्वारा निहित जुर्माने से एक हजार रुपये का जुर्माना किया जाएगा

ये आदेश सरकार द्वारा जारी यिा गया लेकिन जिले में यह औचित्यहीन साबित हो रहा है। बढ़ते हादसों के बावजूद सड़क पर आवारा मवेशियों को पकड़ने कार्यवाही नहीं हो रही है।

हादसों की प्रमुख वजहों में से एक सड़कों में मवेशियों का डेरा भी शामिल है। कई बार मवेशियों की आपसी लड़ाई तो कभी अचानक से वाहनों के सामने आ जाने या फिर मवेशियों को बचाने के चक्कर में वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं।

### सुध नहीं ले रहे जिम्मेदार

सड़कों में जगह-जगह पर मवेशी झुंड बनाकर एकजुट रहते हैं। ऐसे में यातायात व्यवस्था भी जाम हो जाती है। दुर्भाग्य है कि सड़कों पर मवेशियों के कारण होनेवाले तमाम परेशानियों पर स्थानीय प्रशासन चुप बैठा है। मवेशियों को रोड से मुक्त कराने की योजना धरातल पर नजर नहीं आ रही है। लोगों की परेशानियों का ध्यान ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को भी नहीं है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि जनता स्वयं संभलकर चलें। प्रशासन के द्वारा समय-समय पर यातायात व्यवस्था एवं पशुओं की समस्या को लेकर बैठक होती है, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से आम आवाम की परेशानी जस की तस बनी हुई है।

*शोभायात्रा में जीवंत झांकिया रही जन आकर्षण का केन्द्र*

# उमरियापान में भगवान परशुराम की धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में उमरियापान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।नगर के प्राचीन बडी माई मंदिर में कार्यक्रम हुए। सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विप्रजनों ने भगवान परशुराम का पूजन किया। इसके बाद भगवान परशुराम के जयघोष के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें भगवान परशुराम के अलावा श्रीराम जानकी, राधा कृष्ण एवं हनुमानजी की जीवंत झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

शोभायात्रा में शामिल विप्रजन भगवान परशुराम के जयघोष करते



हुए चल रहे थे। यात्रा में उमरियापान व आसपास गाँवो के विप्रजनों सहित करौंदी आश्रम के वैदिक ब्राह्मण भी शामिल हुए, जो वैदिक मंत्रोच्चार करते रहे। जगह जगह स्वागत एवं पूजन किया गया।

यात्रा में विजय दुबे, पदमेश गौतम, अश्विनी शुक्ला, वीरेंद्र गर्ग, दिलीप बाजपेयी, कमलेश पौराणिक, प्रमोद गौतम, सतीश गौतम, रामकृष्ण दीक्षित, मृत्युंजय उपाध्याय, सूर्यकांत त्रिपाठी, शरद पौराणिक, धनंजय दुबे, शैलेंद्र पौराणिक, ललित गौतम, अनिल मिश्रा, राजू पाठक, शैलेंद्र बाजपेई, सुशील मिश्रा, अनिल दीक्षित, रवि पौराणिक, शैलेष बाजपेई, गुड्डु उपाध्याय, दिनेश पौराणिक, शैलेंद्र परौहा, विवेक गौतम, कुलदीप तिवारी, अजीत पांडे, मोहित, सत्यम पौराणिक, राघव शुक्ला, हर्ष पौराणिक, प्रियांशु गौतम सहित बडी संख्या में विप्रजन शामिल हुए। शोभायात्रा में झंडाचौक समीप चौरसिया नवयुवक मंडल के सदस्यों ने शीतल पेयजल एवं कोल्ड ड्रिंक का वितरण किया।

## नदी के पानी से सिंचाई करने पर मोटर पंप जब्त



नदियों के पानी का घरेलू को छोड़कर गैर प्रयोजन के उपयोग करने पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा जारी किये गये हैं। ढीमरखेड़ा क्षेत्र में नदी के पानी से सिंचाई करने पर मोटर पंप जब्त किया गया है। एसडीएम ढीमरखेड़ा श्रीमती विंकी सिंहमारे उइके ने बताया कि मोरी नदी के तटवर्ती ग्राम बरेली, सिवनी, तिलमन में मोटर डालकर सिंचाई किए जाने की शिकायत पर पटवारी हरी प्रसाद यादव के साथ मौका मुआयना किया गया। मौके में कृषक मनोज तिवारी द्वारा नदी से सिंचाई करते पाए जाने पर मोटर पंप जब्त कर लिया गया। बताते चलें कि गर्मी के प्रकोप के चलते मोरी नदी के जलस्तर में पहले ही कमी आ चुकी है।



# ठगी से बचना है तो रहे हमेशा सावधान, जालसाज कई तरह के अपनाते हैं हथकंडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने ग्राम लखनवारा और ग्राम बिछुआ में जनता दरबार लगाया। बढ़ते साइबर अपराधों एवं महिला संबंधी अपराधों सहित अन्य अपराधों के संबंध में जानकारी देने ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए लगाए गए जनता दरबार में थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने जानकारी देते हुए कहां की नाबालिक बच्चियों के गुम होने की स्थिति में तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें।

### ठगों से बचने रहे सावधान

साइबर ठगों ने ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली जनता को निशाना बनाने के लिए विभिन्न तरह के हथकंडे अपना रखे है। ठगों से बचने के लिए सावधान रहें और ऐसी किसी भी घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। इसके अलावा सड़क दुर्घटना में मृत्यु या घायल होने की दशा में सतर्कता बरतते हुए पुलिस का सहयोग करते हुए जानकारी प्रदान करें। थाना प्रभारी श्री दहिया ने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि नशा पूरे परिवार सहित समाज को प्रभावित करता है अतः नशे की बुरी आदतों से खुद को बचाएं। जनता दरबार में थाना प्रभारी श्री दहिया ने ग्रामीणों की बिजली समस्याएं, पेय जल समस्याएं सुनते हुए उसके निराकरण का भी प्रयास किया।

*अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने मुस्तैद रहा जिला प्रशासन*

# बाल विवाह को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने अधिकारियों को बाल -विवाह की प्रथा को देखते हुए इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समाज के जागरूक लोगों से अपील की है कि वे अपने आस -पास बाल विवाह की संभावित गतिविधि पर नजर रखें और नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जिला प्रशासन, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग और राजस्व अधिकारियों को इसकी सूचना अवश्य दें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जायेगी। बाल विवाह कानूनन एवं सामाजिक अपराध है। बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य में आगे बढ़ने के अवसरों एवं आगामी जीवन पर विपरीत प्रभाव डालता है।बाल विवाह कानूनन अपराध है। शुक्रवार 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह पर कड़ी नजर रखने जिला प्रशासन मुस्तैद है।

### अपराध है बाल विवाह

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधान अनुसार विवाह के लिए, लड़की की वैधानिक आयु 18 वर्ष एवं लड़के की वैधानिक आयु 21 वर्ष है। इसके कम आयु में संपन्न विवाह बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत बाल विवाह के लिए 2 वर्ष का कारावास एवं 1 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही बाल विवाह संपन्न करवाने वाले परिजन, विवाह में सम्मिलित होने वाले बाराती एवं विवाह में सेवा प्रदाय करने वाले सेवा प्रदाता को भी सजा का प्रावधान है।

राज्य शासन द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत तहसील स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विकासखण्ड स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है।कलेक्टर द्वारा बाल-विवाह रोकथाम दल गठित

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर बाल विवाह रोकथाम हेतु जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नेतृत्व में अंतर्विभागीय दल का गठन किया गया है। दल में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी सदस्य होंगे।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा समस्त विभागों, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग को, संचालनालय महिला एवं बाल विकास म०प्र० द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु जारी एस०ओ०पी० का कड़ाई से पालन किए जाने के निर्देश दिए गए है।

### बाल विवाह की शिकायत हेतु कंट्रोल रूम

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह, द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह संबंधी शिकायतें प्राप्त करने 24 घण्टें क्रियाशील कन्ट्रोल रूम बनाया गया है,। जिसका दूरभाष नंबर 07622-220727 है।

## अल्ट्राटेक प्लांट में आधुनिक तकनीकों के ज्ञान और अनुभव किये साझा

# आपदा प्रबंधन एवं फायर सेफ्टी के सुरक्षा इंतजामों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने विकासखण्ड बड़वारा के ग्राम झरेला स्थित अल्ट्राटेक प्लांट का औचक निरीक्षण कर यहां आपदा प्रबंधन एवं फायर सेफ्टी के नजरिये से आफिस एवं प्लांट में किये गए आवश्यक सुरक्षा इंतजामों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत सी.ई.ओ के.के पाण्डेय, सहित नगर निगम के कार्यपालन यंत्री राहुल जाखड़ एवं आपदा प्रबंधन और फायर सेफ्टी टीम के कर्मियों की मौजूदगी रही।

नगर निगम के अधिकारियों द्वारा आपदा प्रबंधन तथा फायर सेफ्टी के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक मापदंडों की जानकारी प्रदान करते हुए अपनायें जा रहे सुरक्षा मापदंडों की जानकारी और अनुभव साझा किया। अल्ट्राटेक



प्लांट में आपदा प्रबंधन और फायर सेफ्टी के नजरिए से अपनायें जा रहे अत्याधुनिक तरीकों से नगर निगम के कर्मचारी भी अवगत हुए और अधिकारियों के साथ अपनें अनुभवों का आदान- प्रदान किया गया। वहीं अल्ट्राटेक के अधिकारियों द्वारा पी.पी.टी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्लांट में उपलब्ध अत्याधुनिक सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी प्रदान की गई।इन तकनीकों से फेक्ट्री कर्मियों को प्रशिक्षित करने के तौर- तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। यार्ड में आपदा प्रबंधन के तहत आवश्यकतानुसार अंडर ग्राउंड टैंक, रूम स्ट्रेब्लिश एनाउंस सिस्टम, आवश्यकतानुसार 3 पंप, डीजल सप्लाई, स्प्रिंकलर सप्लाई एवं जॉकी पंप सहित प्लांट में 30 मीटर की दूरी पर फायर हाईडेंट लाईन स्थापित होने तथा 70 डिग्री से अधिक तापमान पर स्वयं कार्य करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

अल्ट्राटेक के अधिकारियों द्वारा प्लांट में स्थापित फायर हाइडेंट पंप डिटेल, जांकी पंप, मेन पंप, फायर हाईडेट क्वार्टर डिटेल, फायर हाइडेंट रील डिटेल, स्प्रिंकलर एवं जेट स्प्रे सिस्टम और इंटरलॉक हाईडेंट पाईप के कार्य करनें की प्रक्रिया, डीजल स्टोरेज क्षमता सहित किसी भी संभावित दुघर्टना के दौरान बचाव कार्य हेतु की जाने वाली माकड्रिल प्रक्रिया की जानकारी सहित प्लांट में स्थापित लेटेस्ट टेक्नालाजी के संबंध में कई महत्वपूर्ण अनुभव साझा किए गए।

इस दौरान नगर निगम की फायर सेफ्टी टीम के अधिकारियों द्वारा अल्ट्राटेक कार्यालय एवं प्लांट में आपदा प्रबंधन एवं फायर सेफ्टी के संबंध में किये गए अत्याधुनिक सुरक्षा प्रबंधों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उनके कार्य करनें की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने निगम के अधिकारियों को अल्ट्राटेक प्लांट में स्थापित आपदा प्रबंधन के बेहतर इंतजामों तथा आपसी वार्ता के दौरान मिले अनुभवों का लाभ लेकर इसी तर्ज पर नगरीय क्षेत्र की औघोगिक इकाईयों, होटल, स्कूल, हास्पिटल आदि स्थलों में सुरक्षा की दृष्टि से आपदा प्रबंधन सुरक्षा मापदंडों एवं फायर आडिट का नियमानुसार पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये।

कलेक्टर द्वारा अल्ट्राटेक आफिस में प्रोजेक्ट गैलरी का निरीक्षण कर प्लांट मे बनने वाली पुट्टि के विभिन्न प्रकारों, फिजिकल लैब में पुटट्ि बिनानें प्रकिया, पुट्टी पैकिंग में उपयोग किये जाने बैग सहित प्लांट का निरीक्षण कर पुट्टि बनाने की प्रक्रिया किये गए आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया गया।



# चाका में लगाया जनता दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला अभिषेक चौबे ने ग्राम पंचायत चाका में जनता दरबार लगाया। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने स्थानीय लोगों से मिलकर पुलिस जनसंवाद करते हुए उन्हें आवश्यक जानकारियां प्रदान की। जनसंवाद के दौरान स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निराकरण के हर संभव प्रयास करते हुये नाबालिक बच्चे एवं बच्ची के बिना बताएं घर से जाने के सबंध में, महिलाओं से संबंधी अपराध, साइबर संबंधी अपराध, यातायात, ग्राम एवं वार्डों में पानी एवं बिजली संबंधित समस्याओं को लेकर निर्देश का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जनसंवाद में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभावान खिलाड़ियों से खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 की अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी 31 मई तक जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय, पन्ना से आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपए, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 08 हजार रूपए एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 06 हजार रूपए की खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। खेलवृत्ति के लिए निर्धारित दिशा निर्देश एवं नियमावली विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### नेशनल लोक अदालत आज

**पन्ना।** जिला न्यायालय पन्ना सहित पवई एवं अजयगढ़ तहसील न्यायालय में शनिवार, 11 मई को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसके लिए कुल 13 खण्डपीठ का गठन किया गया है। लोक अदालत में आपसी राजीनामा के जरिए लंबित प्रकरणों का निराकरण होगा। सभी खण्डपीठों में राजीनामा योग्य विचाराधीन लंबित आपराधिक, चेक अनादरण, मोटर दावा दुर्घटना, दीवानी भू-अर्जन, पारिवारिक विवाद, भरण पोषण, घरेलू हिंसा इत्यादि प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा विद्युत विभाग, सभी बैंकों के ऋण वसूली, टेलीफोन विभाग के बिल सहित नगरीय निकायों के जल एवं संपत्तिकर से संबंधित सभी मामलों का निराकरण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए सभी पक्षकारों को सूचना पत्र भी जारी किए गए हैं। सूचना पत्र प्राप्त नहीं होने पर भी लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण कराया जा सकता है। प्राधिकरण के सचिव द्वारा सभी पक्षकारों व आम जनता से नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर राजीनामा के जरिए प्रकरण निराकृत कराने तथा विद्युत विभाग, बैंक, नगर पालिका, चेक अनादरण व दीवानी प्रकरणों में मिलने वाली छूट व न्याय शुल्क वापसी का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

### नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत शुक्लाना मोहल्ले की रहने वाली एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की ने दोपहर लगभग एक बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार अदिति उर्फ आरती रैकवार पिता स्व. मैयादीन रैकवार उम्र 13 वर्ष ने घर में ही दुपट्टे से लटककर आत्महत्या कर ली। लड़की के परिजनों ने बताया कि जब अदिति ने फांसी लगाई तब मां काम पर गयी थी और घर पर कोई नहीं था। अदिति का किसी से कोई झगड़ा भी नहीं हुआ। अब उसने फांसी क्यों लगाई है इसकी जानकारी नहीं लग सकी। फिलहाल पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जय-जय परशुराम के उद्घोषों के साथ नगर में निकलीं विशाल शोभायात्रा

# धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम की जंयती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जयंती सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस बर्ष भी नगर में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व ब्राम्हण समाज धर्मशाला में एकत्रित होकर भगवान परशुराम की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सायंकाल भगवान की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से शुरू की गई जो बडा. बाजार,मंदिर मस्जिद चौराहा, नायक तिगड्डा,बजरिया बोर्ड स्कूल मार्ग एवं रतन बजरिया होती हुए वापिस पुनः आरंभ स्थल धर्मशाला पहुंची। शोभा यात्रा में युवाओं द्वारा डीजे के धुन पर नाचते गाते एवं जय परशुराम के उद्घोष करते हुए शोभायात्रा में शामिल रहे।वही शोभायात्रा में बड़ी संख्या में युवतियां व महिलाएं अपने सिर पर पगड़ी बांधकर चल समारोह में चल रही थी। नगर में जगह-जगह ब्राम्हण परिवार के लोगो के अलावा अन्य समाज के लोगों द्वारा चल समारोह में रथ पर विराजमान भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ उठाया। शोभायात्रा में नगर व क्षेत्र के ब्राम्हण जनों की उपस्थिति रही। शोभा यात्रा के समापन पर सर्व ब्राम्हण धर्मशाला में प्रसाद वितरण किया गया।





## अक्षय तृतीया पर धूमधाम से हुए गुड्डा-गुडियों का विवाह



बुंदेलखंड क्षेत्र में अक्षय तृतीया पर एक अनोखी परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है जो आज भी हर इलाके में मिट्टी के गुड्डा और गुड़ियों के विवाह की रस्म निभाई जाती है, इस दिन परिवार के बच्चे अपने मिट्टी के गुड्डा-गुडियों को लेकर वट वृक्ष के नीचे जाते हैं और विवाह की रस्म को पूरी करते हैं और घर से पकवान बनाकर छोटी-छोटी बच्चियां अपनी सहेलियों के साथ गुड्डा-गुडियो के विवाह की रस्म पूरी करती है। नगर में अक्षय तृतीया पर सुबह से ही नन्हें मुन्नें बच्चों द्वारा अपनें घर में सुबह गुड्डा गुडियों को सुंदर आकर्षक कपड़ों में सजाकर उनकी पूजा अर्चना की एवं सायंकाल के समय वट वृक्ष के नीचे पहुंचकर परंपराओं के चलते पहले इन बच्चों ने सजाकर अपनें साथ लाये हुए गुड्डा गुडियों को बैठाकर उनकी पूजा अर्चना की और उसके बाद अपने गुड्डे गुडियों की गांठ बांधकर इनको शादी के बंधन में बांधा।आज नगर के सभी वट वृक्ष के नीचे इसी तरह का नजारा देखनें को मिला।मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन बिना किसी शुभ मुहुर्त के विवाह संपन्न होते है जिसमें विवाह पर साक्षात भगवान की उपस्थिति रहती है।

## ब्राह्मण मातृशक्ति संगठन ने किया आयोजन



**दमोह।** चिरंजीवी आराध्य देव भगवान परशुराम जी के प्रकट उत्सव पर दमोह के सनातनीय ब्राह्मण मातृशक्ति सेवा संगठन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी मातृ शक्तियों ने उत्साहपूर्वक अपने भगवान श्री परशुराम जी का पूजन अर्चन किया। वही श्रीमती संगीता श्रीधर ने भगवान पर माल्यार्पण कर श्री भगवान परशुराम जी को सर्वशक्तिमान की संज्ञा दी। और वही नीता मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा भगवान श्री परशुराम को भगवान विष्णु के छंटवे अवतार भी है उन्हें कोई पराजित नहीं कर सकता। इस कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती राहुल चतुर्वेदी द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम में साधना दुबे का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मंजू कटारे एवं सभी मातृ शक्तियों ने अपने विचार रखें कार्यक्रम में उपस्थित अर्चना दुबे, कल्पना व्यास, सुनीता मिश्रा, रश्मि तिवारी, रजनी तिवारी, रीता मिश्रा, मंजू शर्मा, वंदना शर्मा, पूजा दुबे, कीर्ति, निधि, सविता एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मेघा पाठक ने किया एवं आभार पदमा दुबे द्वारा व्यक्त किया गया।

## गन्ना रस वितरण कर मनाया अक्षय तृतीया पर्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला मंडल चेलना संभाग श्री चंद्र प्रभु शाखा झलौन के द्वारा अक्षय तृतीया पर्व पर सैकड़ो पुरुष महिलाओं एवं बच्चों को गन्ने का रस एवं जूस पिलाकर अक्षय तृतीया पर्व को मनाया। आज अक्षय तृतीया के दिन भगवान आदिनाथ को 6 माह बाद गन्ने के रस से राजा श्रेयांश ने आहार दिए थे। इसलिए आज के दिन अक्षय तृतीया के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर आमंत्रित पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी, घनश्याम सिंह लोधी, मोतीलाल जैन, आकाश खरे, जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक बृतेश जैन, अशोक जैन, डॉक्टर पवन जैन, मुकेश जैन, समय जैन, महिला मंडल में अध्यक्ष श्रीमती सरिता जैन, सचिव श्रीमती राखी जैन, श्रीमती विनीता जैन, श्रीमती मिनी जैन, श्रीमती नेहा जैन, श्रीमती सविता जी एवं समस्त महिला मंडल के सदस्यों ने आज अतिथियों को गंने का रस एवं जूस पिलाकर अक्षय तृतीया पर्व मनाया और अतिथियों का श्रीफल एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



रूद वाले हनुमान मंदिर महंत श्री गजेन्द्र पुरी श्री पंचदश नाम जूना अखाड़ा आश्रम कुंडलपुर में आयोजन 10 मई से 16 मई तक श्रीमद् भागवत महा पुराण पवित्र वैशाख मास में जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला ग्रामीण श्रद्धालु शामिल रहे कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में *कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी* ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। किशोरी जी ने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियो को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। किशोरी जी ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। मुख्य यजमान समस्त ग्रामीण बासियो ने कथा श्रवण करने की अपील की है।

## जिनवाणी पालकी चल समारोह के साथ संस्कार शिविर संपन्न

### तीर्थ विकास में साथ निभाना साथिया अभियान की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र निसई सूखा जी में सात दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन 2 से 8 मई तक किया गया। शिविर संयोजक भूपेंद्र जैन ने बताया की शिविर के अंतिम दिन 200 से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। पश्चात उनके परिणाम घोषित किए गए साथ ही श्री जिनवाणी पालकी शोभायात्रा का सभी शिविरार्थियों एवं समाज बंधुओ द्वारा निकाली गई। समापन के पूर्व प्रातः संगीत मय मंदिर विधि का आयोजन पथरिया भजन मंडल द्वारा हुआ। ए बी सी वर्ग के प्रथम दुतीय तृतीय विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया 7 दिन तक आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरुस्कार भी प्रदान किए गए।



#### साथ निभाना साथिया अभियान की शुरुवात

इसके बाद तीर्थ विकाश के लिए संयोजक भूपेंद्र जैन द्वारा नवाचार करते हुए साथ निभाना साथिया अभियान की शुरुवात की है। अंतर्गत शिविर सेवा साथी की घोषणा हुई जो अगले वर्ष आयोजित शिविर में अपना तन मन धन से शिविर का साथ निभाएंगे।

#### विद्वानों ने कराया शिक्षण कार्य

बाल ब्र आत्मानंद की उपस्थिति में बाल ब्र अमित भैया के निर्देशन में बाल ब्रह्मचारणी सुषमा दीदी ,अर्चना दीदी,गुड्डी दीदी, श्रीमती श्वेता जैन फुटेरा, श्वेता जैन पथरिया, सोभना जैन खुरई ,पंडित रूपचंद जैन दमोह ,दिनेश समैया खुरई आदि में सात दिन तक कक्षाओं के संचालन में सहयोग किया, वही शिक्षक और संयोजक भूपेंद्र जैन,श्वेता जैन पथरिया के अभिनय सहित गीतों ने नन्हे बच्चो का खूब आनंद कराया।

#### शिविर सेवक के रूप में इनने किया परिश्रम

तीर्थ मंत्री के सी जैन, शरद जैन सोनू , आशीष तारण राजेश जैन संगीत तारण मयंक जैन राहुल जैन रमेश रानू सतेंद्र जैन पथरिया , वीरेंद्र जैन निर्मल जैन सोनल जैन पवन चारु अभिनंदन जैन संभव जैन संतोष शास्त्री दमोह, प्रकाश जैन अजय जैन प्रशांत जैन ,विवेक जैन श्रवण जैन विनिमेश जैन ,अंतिम जैन अभिनंदन जैन पारस जैन अभिषेक जैन सौरभ जैन बटियागढ़ संतोष पप्पू जैन पटेरा, सौरभ जैन भाट खमरिया, दयाचंद जैन, निशांत जैन बाबू भाई, तेंदूखेड़ा, कैलाश जैन कपिल जैन नितिन जैन अल्पेश आशीष फुटेरा, पंडित लालचंद धरम जैन तेजगढ़ , आदि का सहयोग रहा।

## संस्कृति पर्यटन राज्य मंत्री ने शास आवास में किया गृह प्रवेश



**बनवार।** जबेरा विधायक एवं प्रदेश सरकार के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने आज अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शासकीय आवास में गृह प्रवेश किया इस दौरान विधि विधान से सा परिवार पहले पूजा अर्चना की फिर गृह प्रवेश किया बता दें अक्षय तृतीया भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव कोस्वयंसिद्ध मुहूर्तों माना गया है। जिसके चलते भोपाल 74 बंगला स्थित बी टेन शासकीय आवास में संस्कृति पर्यटन मंत्री ने गृह प्रवेश किया।

## समस्त निगम वेद वेदांत और पुराण रूपी महा वृक्ष का पका पकाया फल ही श्रीमद्भागवत है: पं आशीष कृष्ण शास्त्री

**बनवार।** ग्राम सगरा में भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण प्रारंभ हुआ। आज कथा के प्रथम दिवस यात्रा के साथ पुराण की बैठकी हुई। कथा वाचक ₹ आचार्य पं. आशीष कृष्ण शास्त्री जी ने हमें बताया की सर्वप्रथम ग्राम के श्री राधा कृष्ण मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर श्री राम जानकी मंदिर होते हुए गांव की प्रसिद्ध देवी मंदिर से से होते हुए ग्राम की प्रमुख गलियों एवं समस्त ग्राम का भ्रमण करते हुए भव्य गाजे बाजे के साथ भगवन नाम का संकीर्तन करते हुए गांव के सभी भक्तों के साथ कथा पंडाल में पुराण की स्थापना हुई। प्रथम दिवस की कथा में महाराज जी ने भागवत महात्म की कथा मैं बताया की समस्त निगम वेद वेदांत और पुराण रूपी महा वृक्ष का पका पकाया फल ही श्रीमद्भागवत है जिस प्रकार एक वृक्ष का सार उसके फल में होता है ठीक उसी भांति समस्त वेदांतों का कर ही श्रीमद् भागवत है और यह वृक्ष से सीधे धरातल पर नहीं आया। वस्तुतः सबसे पहले भगवान शिव के मुख से निसृत होकर श्रीशुकदेव जी से होते हुए राजा परीक्षित जी तक धरातल पर आया और तब जाकर राजा परीक्षित की मुक्ति के साधन श्रीमद् भागवत को सांसारिक मानवों को यह दिव्य अमृतमयी कथा प्राप्त हुई। नारद जी के पूर्व जन्म की कथा एवं आत्मदेव ब्राह्मण की कथा के माध्यम से प्रेत योनि में पड़े हुए धुंधुकारी की मुक्ति की कथा सुनाया संगीत में कथा के मुख्य श्रोता लल्लू पटेल, कंछेदी पटेल रामू प्रेमशंकर एवं समस्त पटेल परिवार के साथ समस्त ग्राम वासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

## गर्मी से लोगों राहत

# मौसम ने ली करवट, आंधी तूफान गरज के साथ बारिश

**सिंग्रामपुर।** इन दिनों मौसम का मिजाज हर दिन बदलता हुआ दिखाई देता है। कभी धूप तो कभी छांव खेल के बीच आसमान पर छाए बादलों के बीच अचानक से तेज तूफान जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। शुक्रवार की दोपहर में मौसम ने अचानक से करवट बदली। धूल भरी आंधी तूफान गरज चमक के साथ तकरीबन 20 मिनिट की तेज बारिश हुई और लोगो को गर्मी से कुछ राहत मिलते ही ठंडक का एहसास कराया। बिजली आपूर्ति बंद होने की वजह से उमस भरी गर्मी से लोगो को पसीना पसीना होना पड़ा स्थानीय लोगों ने बताया दोपहर में आसमान में छाए। बादलों ने धूल भरी आंधी के साथ गरज चमक से हुई इसी दौरान तेज बारिश कार्यक्रम शुरू हुआ जो 20 मिनट तक चली। लोगों के लिए वारिश नेबढ़ाई उमस ने पसीना पसीना कर दिया वही वारिश के चलते खराब मौसम में बाधित विजलीं आपूर्ति ने लोगो की परेसानी काफी हद तक बढ़ा दी और उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल नजर आये।

# अहंकार रूपी बीज को पनपने न दें, ब्रह्मा से लेकर इन्द्र तक का घमंड श्रीकृष्ण ने चूर-चूर किया

**बनवार।** मनुष्य खुद को श्रेष्ठ समझे तो उत्तम विचार है, परंतु यदि वह यह सोचे कि मैं ही श्रेष्ठ हूं तो यह अभिमान है। ऐसे व्यक्ति को जीवन में सफलता नहीं मिल पाती। मन में अहंकार रूपी बीज को नहीं पनपने देना चाहिए। भगवान अपने भक्तों की हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं और अहंकार करने वाले का मान तोड़ देते हैं। भगवान की भक्ति में अहंकार की कोई जगह नहीं होती। भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र का अहंकार तोड़ने के लिए ही गोवर्धन पर्वत की पूजा करवाई। इसके बाद इंद्र के क्रोध से गोपी और ग्वालों को



बचाने के लिए उन्होंने गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर उठाकर इन्द्र का अहंकार तोड़ा। ये संदेश चिलोद टपरिया आयोजित कथा के दौरान कथावाचक पंडित कृष्णकांत गौतम ने दिया।

#### पूतना समेत कई राक्षसों का किया उद्धार

बाल लीला में सर्वप्रथम पूतना उद्धार प्रसंग में बताया कि नंदजी के घर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खबर जब कंस को लगी। तो कंस ने सभी नवजात शिशुओं की हत्या करवाने के लिए राक्षसी पूतना को भेजा। माता यशोदा से कृष्ण को लेने के लिए पूतना ने अपने मायाजाल से सुंदर युवती का रूप धारण किया। भगवान पूतना को पहचान गए। पूतना को कृष्ण से कोई स्नेह नहीं था, वह भगवान को मार डालना चाहती थी। फिर भी जाने-अनजाने उसने भगवान कृष्ण को स्तनपान करवाकर परमगति प्राप्त की। आगे की कथा में यमलार्जुन मोक्ष के साथ बकासुर, अघासुर आदि राक्षसों के वध का वर्णन किया। इस दौरान भगवान श्री कृष्णा जन्मोत्सव की मनोरम झांकी सजाई गई और श्रद्धालुओं ने भगवान के जन्म उत्सव के अवसर मंगल गीत गाए महिलाएं घर से गुड़ के लड्डू बनाकर लाई और उसी लड्डुओं का भगवान को भोग लगाया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### ओपन स्कूल पंजीयन की अंतिम तिथि अब 08 मई

**दमोह ।** जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने बताया ओपन स्कूल के पंजीयन की अंतिम तिथि 08 मई तक वृद्धि की गई हैं। उन्होंने समस्त विद्यालय के प्राचार्यो से समय में वृद्धि का लाभ अधिक से अधिक छात्रों को प्रदाय कर, पंजीयन कराने आग्रह किया हैं। उन्होंने कहा समस्त बीइओ/प्राचार्य सुनिश्चित करे कि जिन विद्यालय की पंजीयन की प्रगति संतोषजनक नहीं है, उनका पंजीयन यथाशीघ्र कराए। ज्ञात हो कि ओपन स्कूल के पंजीयन की अंतिम तिथि पूर्व में 06 मई 2024 थी।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया में आज 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएबिल इंस्ट्रूमेन्ट एक्ट के अंतर्गत चौक बाउन्स प्रकरण,कुटुम्ब न्यायालय तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य लंबित एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण दोनों पक्षों की सहमति एवं सुलह के आधार पर किया जायेगा।

विविध आयोजन कर निकाली शोभायात्रा, परशुराम का स्वरूप रहा आर्कषण का केन्द्र जगह-जगह स्वागत

# भगवान परशुराम के जयकारे गूंजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव के अवसर पर देश भर विविध प्रकार के धार्मिक आयोजन हुये। दमोह में भी प्रतिबर्ष की भांति जहां परशुराम टेकरी पर पूजनार्चन किया गया तो वहीं सिविल वार्ड में स्थित अति प्राचीन शिव पार्वती मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं हवन किया गया। संध्या के समय एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सर्व ब्राम्हण समाज के बेनर तले आयोजित उक्त भव्य समारोह में हजारों की संख्या में विप्रों की उपस्थिति रही।भगवान परशुराम प्रकोटोत्सव के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में झांकियां भी निकाली गयीं जिसमें प्रमुख आर्कषण का केन्द्र रही भगवान परशुराम के स्वरूप की झांकी जिसको देखकर लोग प्रशंसा कर रहे थे। ज्ञात हो कि पिछले अनेक



बर्षो से यह झांकी श्रीवैष्णव परिवार की ओर से निकाली जाती है। जिसमें पत्रकार एवं रंगकर्मी पं.डा.एल.एन.वैष्णव भगवान परशुराम के स्वरूप में नजर आते हैं। चेहरे पर क्रोध हाथ में फरशा एवं धनुष लिये पूरे यात्रा मार्ग में लगातार भाव भंगिमाओं को बदलते हुये देखे गये। विदित हो कि होने वाले धार्मिक आयोजनों में डा.वैष्णव पवनपुत्र हनुमान ,शिव, वामनदेव, नरसिंह के स्वरूपों में देखे जाते हैं।उभगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा में सनातन धर्म की मान्यताओं एवं भारतीय परंपराओं के अनुसार हजारों की संख्या में उपस्थित नर-नारियों एवं बच्चों को पारंपरिक परिधानों में देखा गया। मस्तक पर विशाल त्रिपुंड एवं पगडी के साथ पुरूष एवं मातृशक्ति अपनी संस्कृति के अनुरूप वेश भूषा में चल रहीं थी। भजनों के साथ वाद्य यंत्रों की धुन पर नृत्य एवं शंख घडियालों के साथ जयकारों से मार्ग गूंजता रहा। भगवान श्री विष्णु के छठवें अवतार श्री परशुराम के प्रकट उत्सव के अवसर पर संध्या भव्य शोभा यात्रा सिविल वार्ड स्थित शिव पार्वती मंदिर से प्रारंभ होकर कोऑपरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टैंड,स्टेशन चौराहा, राय तिराहा, एवरेस्ट तिराहा, घंटाघर, अंबेडकर चौक एवं कोऑपरेटिव बैंक होते हुए वापस जो पार्वती मंदिर पहुंची। तत्पश्चात यहां पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया एवं और प्रसाद वितरण भंडारा आयोजित किया गया। शोभा यात्रा का जगह-जगह विभिन्न सामाजिक,राजनैतिक संगठनों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सर्व ब्राह्मण समाज के बेनर तले हजारों की तादाद में विप्र बंधुओं को सपरिवार शोभायात्रा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित किया।

## परशुराम प्रकटोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**हिण्डोरिया।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नगर हिंडौरिया मे भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्व प्रथम सभी विप्र और नगर के गणमान्य नागरिक श्री गणेश मंदिर उपाध्याय मुहल्ला में एकत्रित हुए । यहाँ सुन्दर काण्ड एवं हनुमान चालीसा का गायन किया गया। विप्रो के द्वारा एक साथ स्वस्ति वाचन और मन्त्रोंचार किया गया। जिससे पूरा कार्यक्रम का वातावरण भक्ति मय हो गया। समारोह के इस पावन अवसर पर विप्र समाज के बुजूर्गों का भी सम्मान किया गया। हवन पूजन और प्रसाद वितरण उपरान्त एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई । जो मुख्य बाजार से होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची एवं पुनः गणेश मंदिर वापिस आई। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठा.प्रद्युम्न सिंह, तैय्युब अली, सुजात खान ,जगदीश चौरसिया, लक्ष्मण पटेल, अन्नु राजपूत, हल्कू सिंह, देव सिंह, नारान साहू, कमलेश नामदेव, राजेश वर्मा, कौशल चौरसिया सहित अन्य समाजों के अनेक व्यक्ति भी समारोह मे मौजूद रहे । समारोह आयोजक विप्र समाज द्वारा कार्यक्रम मे पधारे हुए समस्त नागरिकों धर्म प्रेमी बन्धुओं को साधुवाद दिया गया।

अक्षय तृतीया पर निर्यापक मुनिश्री सुधा सागर जी के सानिध्य में विविध आयोजन

# आहार दान देने के लिए सौधर्म इंद्र भी तरसता है- मुनि श्री सुधा सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर धर्मशाला में युग श्रेष्ठ आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज संघ सहित विराजमान है मुनि श्री के सानिध्य में प्रतिदिन पूजन भक्ति के साथ प्रवचन का लाभ भक्तगण उठा रहे हैं। मुनि श्री के प्रवचन प्रातः ठीक 8:00 बजे प्रारंभ हो जाते हैं वहीं जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम शाम को ठीक 6:00 बजे प्रारंभ होता है। जिसमें भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त जनों की भीड़ उमड़ रही है। अक्षय तृतीया के अवसर पर निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में भरत बाहुबली के समय इनके बीच हुए धर्म युद्ध का उल्लेख किया। मुनि श्री ने कहा कि दिगंबर मुनिराज को आहार दान देने के लिए स्वर्ग का राजा सोधर्म इंद्र भी तरसता है मुनिराज के हाथ में एक ग्रास देने के लिए वह अपने स्वर्ग का पूरा राज भी छोड़ने को तैयार रहता है किंतु उसे यह सौभाग्य प्राप्त नहीं हो



पाता। आहार दान देने वाले मनुष्य को सम्यक दृष्टि देवता सो सो बार नमस्कार करते हैं। ऐसी मूल्यवान क्रिया से मनुष्य अपने आप को वंचित कर लेता है यह उसका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। मुनि श्री ने कहा की आज भगवान ऋषभदेव को 7 महीने 8 दिन के पश्चात आहार लाभ हुआ था श्रावक को आज आहार दान देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था आज लाभ दिवस है कि दान दिवस यदि लाभ दिवस मनाते हैं तो अधर्म होता है और दान दिवस मनाने पर महा धर्म होता है दान का उत्सव मनाया जाता है श्रावक दान देकर अपने पुण्य की सराहना करता अपने जीवन को धन्य मानता है जबकि मुनि आहार ग्रहण करते हुए अपने कर्मों को कोसते हैं वे आहार लेकर के दुखी होते हैं क्योंकि उनको आहार लेना पड़ता है अक्षय तृतीया लाभ से नहीं दान दिवस से प्रसिद्ध है यह त्याग का दिवस है ग्रहण करने का दिवस नहीं। मुनि श्री के दर्शनों के लिए प्रतिदिन जिले की सकल जैन समाज के साथ सैकड़ो की संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से भक्तगण नई जैन मंदिर पधार रहे हैं। वही व्यापक व्यवस्थाओं में नन्हे मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नवीन निराला महामंत्री राजकुमार रानू पारस सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्य तथा स्वयं सेवक समिति से राम जैन एवं अमरदीप लालू सहित पूरी टीम लगातार सेवाएं देकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। णमोकार महिला मंडल एवं बालिका मंडल भी लगातार जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। सराफ परिवार को मिला आहार दान का सौभाग्य- अक्षय तृतीया के अवसर पर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जैन धर्मशाला से मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज का पड़गाहन करके आहार दान हेतु अपने में चौके में ले जाने का सौभाग्य कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ परिवार को प्राप्त हुआ।

## जैन मिलन ने इक्षू रस वितरण किया

**दमोह।** अक्षय तृतीया पर्व के पावन अवसर पर जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा परम पूज्य निर्यापक श्रवण मुनिपुंगव सुधा सागर जी महाराज सासंघ के मंगल आशीर्वाद से भगवान आदिनाथ स्वामी को प्रथम आहार प्राप्त होने की खुशी में ईक्षरस का वितरण कर समस्त मनि भक्तों की पाड़ना कराई गई। उक्त जानकारी देते हुए शाखा के मंत्री मुकेश



मम्मा ने बताया कि आज के दिन सात माह से अधिक समय के पश्चात प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ देव जी को राजा सोम और राजा श्रेयांस द्वारा प्रथम बार आहार दान किया गया था उसी दिन से ही दान तीर्थ प्रारंभ हुआ था। यह आयोजन इसलिए भी विशेष था क्योंकि कल जगत पूज्य मुनि पुंगव निर्यापक श्रवण सुधा सागर जी महाराज द्वारा सभी को आज 10 बजे सुबह जब तक साधू का पढगाहन ना हो जाए तब तक के लिए अन्य जल का त्याग कराया गया था तो हम कह सकते हैं कि जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा आज मुनि भक्तों की इक्षूरस द्वारा पाड़ना कराई गई है। इस आयोजन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संयोजक राकेश जैन हरदुआ, आनंद जैन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दिलेश चौधरी, क्षेत्रीय मुख्य संयोजक सुधीर जैन डब्लू, क्षेत्रीय संयोजक संजय सराफ, सबन सिल्वर, राजेश ओशो, संजीव शाकाहारी के साथ ही सुभाष बमोरया ने बताया कि आज यह गन्ने का रस शाखा सदस्यों द्वारा सोले के वस्त्र पहनकर स्वयं अपने हाथों से निकालकर महाराज जी के लिए लगाये गये चौकों में और त्यागी वृत्ति परिवार जनों को एवं त्यागी वृत्ति भोजन शाला में भी दिया गया है। प्रमोद बड़कुल, केपी जैन, विकल्प जैन, जिनेन्द्र जैन मंडला, विकास जैन रेलवे, संदीप जैन, सुबोध बजाज, महेंद्र जैन करुणा, संतोष अविनाशी, शैलेन्द्र मयूर, राजेश हिनौती, आलोक पालंदी,विनय जैन सुनील वेजिटेरियन, सहित सभी मिलन पदाधिकारियों एवं समाज के बंधुओं की उपस्थिति रही।

## लोडिंग एवं भारी माल वाहक वाहनों का प्रवेश दमोह शहरी सीमा क्षेत्र में प्रातः 06 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रतिबंधित

**दमोह।** सार्वजनिक सुरक्षा के मद्देनजर लोडिंग एवं भारी माल वाहक वाहनों का प्रवेश दमोह शहरी सीमा क्षेत्र में प्रातः 06 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रतिबंधित करने के मद्देनजर केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम 1988 एवम मध्यप्रदेश मोटर यान नियम 1994 के तहत जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आदेश जारी किये है। जारी आदेश में कहा गया है पन्ना, छत्तरपुर, सागर, जबलपुर एवं कटनी मार्गों से दमोह शहरी सीमा क्षेत्र में प्रवेश करने वाले लोडिंग एवं अन्य भारी वाहन, अन्य शहरों की ओर जाने वाले वाहनों को दमोह शहरी सीमा क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। ऐसे वाहनों द्वारा आवागमन हेतु वायपास एवं अन्य बाहरी मार्गों का उपयोग करना होगा। दमोह शहरी सीमा क्षेत्र के अंदर भारी माल वाहक जैसे ट्रक डम्फर, मध्यम भार क्षमता के ट्रक, कृषि कार्यों से भिन्न प्रयोजन के प्रयोग में लाये जा रहे ट्रैक्टर का प्रवेश अथवा आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को उक्त प्रतिबंध आदेश से पूर्णतः मुक्त रखा गया है, यथा पुलिस तथा सेना के वाहन, नगर पालिका के वाहन (फायर बिग्रेड, पानी टेकर, कचरा गाडी आदि वाहन), निर्वाचन कार्यों में लगे वाहन, विद्युत मंडल के कार्यों में संलग्न वाहन, एल. पी. जी/पेट्रोलियम पदार्थ के वाहन, स्वास्थ्य सेवाओं में लगे वाहन, बैंकों में लगे वाहन, शासकीय खाद्यान्न एवं उर्वरक परिवहन में लगे वाहन, लोक निर्माण विभाग/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के वाहन, वन विभाग के वाहन, रेल्वे विभाग के वाहनो को छूट रहेगी। आदेश में विशेष परिस्थितियों में विभागीय अधिकारी की अनुशंसा पर वाहन विशेष को प्रतिबंध से छूट प्रदान करने के संबंध में निर्णय लिये जाने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट, जिला दमोह को अधिकृत किया गया है। यह आदेश तत्काल आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। दमोह शहरी सीमा क्षेत्र अंतर्गत पन्ना दमोह मार्ग, छतरपुर-दमोह मार्ग, सागर-दमोह मार्ग, जबलपुर-दमोह मार्ग, कटनी-दमोह मार्ग से लोडिंग एवं भारी माल वाहक वाहनों का आवागमन होने से दिन के समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

## वैशाख में आषाढ़ जैसी गरज-चमक, 2 दिन से झमाझम बारिश

**बनवार।** वैशाख माह में तेज गर्मी के बीच अचानक से मौसम ने करवट बदली है जिसके चलते जबेरा ब्लाक के गांवों में रोजाना तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश हो रही है। शुक्रवार को दिनभर सूर्य की तेज किरणों ने लोगों को परेशान किया दोपहर के बाद अचानक मौसम में परिवर्तन आया,बनवार बम्होरी सिग्रामपुर अंचल कुछ समय के लिए झमाझम बारिश हुई। इसके पहले गुरुवार को भी रुक-रुककर बारिश का सिलसिला चला। बैसाख में गर्मी के इस मौसम में आषाढ़ की तरह गरज-चमक के साथ कभी भी बादल बरस रहे हैं। यह सिलसिला दो दिन चल रहा है। कभी तेज धूप फिर तेज आंधी और वारिश से उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। अचानक हो रही बारिश आंधी तूफान गरज चमक से बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है गुरुवार की शाम हथनी के पास 33 केवी लाइन पर पेड़ गिर जाने की वजह से बनवार विद्युत स्टेशन के अंतर्गत आने वाले 50 गांव की बिजली आपूर्ति दोपहर से लेकर मध्य रात्रि तक ठप रही जिससे ग्रामीण अंचल में कामकाज तो प्रभावित हुआ ही और तेज गर्मी ने विन बिजली के लोगों की नींदे हराम कर दी।

## मिथ्याछाप सामग्री विक्रय करने पर 01 लाख 80 हजार रूपये की अर्थदण्ड शास्ति अधिरोपित

**दमोह।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत मिथ्या छाप खाद्य सामग्री विक्रय करने पर दोष सिद्ध होने के आरोप में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी मीना मसराम ने जिले के 03 अनावेदकों पर पर 01 लाख 80 रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी रावत (बुधौलिया) द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर असाटी वार्ड दमोह निवासी अनावेदक शुभम अग्रवाल पिता किशनकुमार अग्रवाल द्वारा अमानक कलश ब्रांड चना, दाल, सोनपरी, चावल, पारस गोल्ड अरहर दाल, शाही मलाई चावल, नवाब गोल्ड चावल, अमृता गोल्ड अरहर दाल, बर्फी प्लस चावल, वेरी गोल्ड चावल, मिर्ची सेठ ब्रांड पोहा, सरताज ब्रांड भूना चना एवं ओकेओके ब्रांड पोहा के विक्रय करने के आरोप में दोष सिद्ध होने पर 60 हजार रूपये, नया बाजार नं.-02 दमोह निवासी अनावेदक अनिल कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री गोपालदास अग्रवाल द्वारा अमानक शाही मलाई काली मूंछ चावल के विक्रय करने के आरोप में दोष सिद्ध होने पर 60 हजार रूपये तथा असाटी वार्ड दमोह निवासी अनावेदक राजकुमार अग्रवाल पिता स्व. गोपालदास अग्रवाल द्वारा अमानक मटकती चावल, रजिया सुल्तान चावल, शाही मलाई चावल, नवाब गोल्ड चावल, बर्फी प्लस चावल, सांवरिया पोहा एवं वी च्वाईस चावल विक्रय करने के आरोप में दोष सिद्ध होने पर 60 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। अधिरोपित शास्ति की राशि एमपी ऑनलाईन के माध्यम से ऑनलाईन चालान द्वारा शीर्ष 0210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य 04 लोक स्वास्थ्य 104 शुल्क एवं दण्ड आदि 0754 खाद्य एवं औषधि नियंत्रण में जमा कराकर चालान की एक प्रति न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगी। अधिरोपित शास्ति की राशि 15 दिवस में जमा की जाये। नियत समयावधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर अधिनियम की धारा 96 के तहत भू-राजस्व की बकाया की भांति वसूल की जायेगी। उन्होंने आदेशित किया है कि क्रय की गई सामग्री को अपील अवधि पश्चात विनिष्टिकरण किया जाये।

## वारंटी अवधि में हार्वेस्टर के कलपुर्जे ना देना सेवा में कमी

**दमोह।** जिला उपभोक्ता आयोग ने हार्वेस्टर के खराब हो जाने पर वारंटी अवधि के पश्चात कल पुर्जे देना सेवा में कमी मानते हुए अनवेदको के विरुद्ध आदेश पारित किया है। जिसमें अनावेदको को सेवा में कमी में दस हजार रूपये और वाद व्यय तीन हजार रूपये एक माह के अंदर परिवादी को अदा करने का आदेश पारित किया है। प्रकरण में परिवादी की ओर से किशोरी लाल ताम्रकार एडवोकेट द्वारा पैरवी की गई । परिवादी रूप सिंह लोधी निवासी केरबना तहसील बटियागढ़ ने दिनांक 23 सितंबर 2017 को अपना कृषि केंद्र जबलपुर से 19 लाख रुपए में महिंद्रा स्वराज हार्वेस्टर खरीदा था जिसमें एक साल की वारंटी दी गई थी । हार्वेस्टर कुछ दिनों तक ठीक रहा लेकिन बाद में वारंटी अवधि में ही गेहूं की फसल कटाई के दौरान हार्वेस्टर के कल पुर्जे खराब हो गए थे जिन्हें परिवादी ने अनवेदको से बदलने को कहा था किंतु परिवादी की शिकायत का निराकरण नहीं किया गया तब परिवादी ने अपनी ही राशि से उनतालीस हजार के कल पुर्जे खरीदे थे और उक्त राशि की मांग की थी देने से मना कर दिया था। वारंटी अवधि के बीत जाने पर उसके पुत्र को कलपुर्जे अनावेदक ने दिए थे । परिवादी ने इससे पीड़ित होकर अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में प्रकरण प्रस्तुत किया था । जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष ऋषभ कुमार सिंघई एवं सदस्य सोनल पंडित ने आदेश पारित किया है जिसमें महिंद्रा स्वराज हार्वेस्टर का डीलर मोहाली पंजाब तथा अपना कृषि केंद्र जबलपुर एक माह के अंदर परिवादी को सेवा में कमी में दस हजार और वाद व्यय तीन हजार रूपये अदा करेगा और अदा नहीं करने पर आदेश दिनांक से अदायगी दिनांक तक का आठ प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी अदा करेंगे ।

## मनरेगा में जेसीबी का उपयोग पर होगी कड़ी कार्यवाही

**दमोह।** बड़ी मात्रा में शिकायतें जिला प्रशासन के समक्ष आती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के अंतर्गत मजदूरों के बजाय मशीनों का उपयोग हो रहा है, ये शिकायतें समय-समय पर प्राप्त होती है, उसकी जांच भी की जाती हैं। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गये हैं कि मनरेगा में किसी भी स्थिति मे मशीनों का उपयोग नहीं किया जाये, जो शासन के निर्देश है और जो प्रक्रिया है उसी के अनुसार मजदूरों को रोजगार मिलना चाहिये और उसी के माध्यम से कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा है मनरेगा में जेसीबी का उपयोग या अन्य मशीनों का उपयोग नहीं किया जायेगा, यदि आमजन को इनका उपयोग कहीं पर दिखता है, तो उसके प्रमाण सहित जानकारी भेज सकते हैं, दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812-350300, फेसबुक पेज या सोशल मीडिया हैंडल पर जरूर शिकायत प्रमाण सहित भेजी जा सकती है। उन्होंने आग्रह करते हुये कहा है कि शिकायत प्रमाण के साथ ही भेजें ताकि ऐसी स्थितियों में उसकी जांच कर सकें और ऐसा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी।

## बाइक सवार अज्ञात लुटेरो ने बैंक कर्मचारी से लूटे साढे चार लाख रूपए

**तेन्दूखेड़ा।** शुक्रवार को तेन्दूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 2 दमोह मार्ग पर दोपहर साढे तीन बजे अफरा तफरी मच गया जब एक प्राइवेट बैंक के कर्मचारी के साथ अज्ञात बाइक सवार दो लुटेरों ने कट्टा अड़ाकर साढे चार लाख रुपए की लूट कर लेने का घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार तारादेही तिगडडा के पास मुन्ना लाल चौधरी की गोदाम के सामने लगभग साढ़े तीन बजे एक युवक हरेन्द्र सिंह ठाकुर 22 वर्ष निवासी हिन्डोरिया के साथ कटटा अडाकर साढे 4 लाख रूपए मोटर साईकिल सवार दो लोगो ने दिनदहाडे लूट लिए गए।

हरेन्द्र ने बताया है कि मै कोटा बैंक मै केम्प मेनीजर हूॅ बैक का आफिस मुन्ना चौधरी की गोदाम के सामने खुला हुआ है। साथ ही सम्पूर्ण क्षेत्र के समूहो को बैंक के माध्यम से कर्ज वितरण किया जाता है। जिसकी लगभग 40 ग्रामों की 4 लाख 51 हजार 130 रूपए बसूली की गई थी। जिस पैसे को बैग में लेकर मै एसबीआई बैंक में जमा करने मोटर साईकिल से जा रहा था। लेकिन मै जैसे ही मोटरसाईकिल मुन्ना चौधरी की गोदाम से बाइक से बैठकर निकला तो दो लोग मुह में कपड़ा वांधकर मोटर साईकिल पर नगर की ओर से मेरे पास आए और कटटा अडाकर मेरे पैसे का बेग लूटकर भाग गए। हालाकि बैंक के आफिस में लगे सीसीटीब्ही कैमरों में फोटो में लूट की वारदाता करते हुए स्पष्ट दिख रहा है। लेकिन हरेन्द्र के साथी राकेश तिवारी ने बताया है कि पुलिस ने वारदाता का आवेदन लिया है। हम लोग थाने में बैठे हुए है। रात साढे 8 बजे तक एफआईआर नहीं लिखी गई है। टीआई फेमिदाखान ने कहा कि लूट के मामले के में एफआर दर्ज किए जाने के कार्यवाही की जा रही है इसके बाद ही आपको हम बताएगे।

चार वर्षों से पीड़ित महिला ने ऑपरेशन के बाद ली राहत की सांस

# महिला के पेट से निकला चार किलो का ट्यूमर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बीते चार वर्षों से पेट दर्द से पीड़ति महिला के पेट से निकला चार किलो का ट्यूमर ऑपरेशन के बाद महिला ने ली राहत की साँस समाज सेवी संस्था आधारशिला संस्थान के द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मिशन अस्पताल का संचालन सफलता पूर्वक किया जा रहा है। महानगरीय स्तर की सभी सुविधाओं से सुसज्जित एंज्योप्लास्टी, अस्पताल में जहां कैथ लैब, एंज्योग्राफी,पेसमेकर, वाल्ब प्रक्रिया, ईको कार्डियोग्राफी की सुविधाओं के साथ ही अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर, सी.टी. स्केन सोनोग्राफी, ईको कार्डियोग्राफी टी.एम.टी, डिजिटल एक्सरे मशीन के साथ 24 घंटे दवायें और एम्बुलेंस की सुविधाये उपलब्ध है।

अनुभवी विशेषज्ञों डॉक्टर टीम के साथ प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की सेवायें मिशन अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में डॉ. अनु दुआ महिला रोग विशेषज्ञ जो की एम.एस गायनी दिल्ली गोल्ड मेडिलिस्ट डी.एम.वी





गायनी दिल्ली के साथ यू.के.लंदन सेएम.आर.सी.ओ.जी के द्वारा लगातार दो दिन में बड़े आपरेशन करते हुए 2 महिलाओं के जीवन की रक्षा कर उन्हे स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। डॉ. अनु दुआ महिला रोग विशेषज्ञ ने जानकारी देते हुए बताया 10 मई की सुबह एक महिला मरीज हरीबाई पटैल उम्र 45 वर्ष की बच्चेदानी का आपरेशन करके 4 किलोग्राम का बड़ा ट्यूमर निकाला गया। हरीबाई पटैल 4 वर्षों से ट्यूमर के कारण असहनीय पेट दर्द और लगातार माहवारी की तकलीफ के दौर से गुजर रही थी। जहां अनेक डॉक्टरों से इलाज कराने पर आराम न मिलने पर मिशन अस्पताल में डॉ अनु दुआ से संपर्क किया। जिसके बाद सफल आपरेशन के बाद पूरी तरह से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इसी तरह से मनीषा नामदेव उम्र 29 वर्ष को गंभीर हालात में मिशन अस्पताल में रात्री 2 बजे भर्ती किया गया। जिनका परीक्षण कर रात्रि के 3 बजे डॉ अनु दुआ महिला रोग विशेषज्ञ के द्वारा जांच में महिला के ट्यूब में बच्चा फंसा होने के कारण ट्यूब फट जाने से तीन लीटर खून जमा हो जाने से मरीज के सामने जीवन संकट की स्थिति बनी हुई थी। इस स्थिति में महिला का आपरेशन रात 3 बजे करते हुए मरीज महिला को नया जीवन प्रदान किया गया। दो बड़े आपरेशन में मिशन अस्पताल के ओ.टी स्टाफ के साथ ही नर्सिंग स्टाफ व ड्यूटी डाक्टर्स का सराहनीय योगदान रहा।

# बांदकपुर सरपंच एवं अन्य दो पर मामला दर्ज

### गर्भवती आदिवासी महिला का जातिगत अपमान कर मारपीट की थी

हिण्डोरिया। अन्ततः हिंडोरिया पुलिस द्वारा 6 दिन पश्चात गर्भवती आदिवासी महिला के साथ जातिगत अपमान करते हुए मारपीट करने वाले बांदकपुर सरपंच एवं अन्य दो आरोपियों पर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया है। बांदकपुर निवासी सपना आदिवासी पति आशु जैन ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन में बताया कि मेरे पति एवं मेरे साथ 4 मई 2024 की दोपहर बांदकपुर सरपंच सुनील डबुल्या एवं अन्य 07 नामजद आरोपियों द्वारा जातिगत अपमान करते हुए मारपीट की गई थी। मेरे पेट में 5 माह का गर्भ होने के बाद भी आरोपियों ने मेरे पेट मे लात मारी। मुझे मारपीट से कई जगह गभीर चोटें आई थी। इससे मेरे पेट से ब्लेडिंग शुरू हो गई थी। जैसे तैसे मेरी सास सुधा जैन और अन्य लोगों ने मुझे एवं मेरे पति को बचाया था ।इसके बाद में उसी समय बांदकपुर चौकी एवं हिंडोरिया थाना रिपोर्ट करने गई। लेकिन मेरी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। इसके बाद 7 मई 2024 को मैं अनुसूचित जाति जनजाति थाना दमोह में जाकर रिपोर्ट लिखाने गई तो वहां भी मेरी रिपोर्ट नहीं लिखी गई । तब मजबूर होकर हमें पुलिस अधीक्षक दमोह जाकर अपनी शिकायत दर्ज करना पड़ी थी। जिस पर हिंडोरिया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। इसी जांच के आधार पर हिंडोरिया पुलिस ने बांदकपुर सरपंच सुनील डबुल्या एवं 02 अन्य आरोपियों पर अपराध क्रमांक 232 /2024 के अंतर्गत धारा 323 - 294 - 506 - एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सरपंच ने सत्यता की जांच करने एसपी को ज्ञापन दिया

आदिवासी महिला सपना की रिपोर्ट पर हिण्डोरिया पुलिस द्वारा मामला कायम होने की सूचना मिलने पर 10 मई 2024 दिन शुक्रवार को बांदकपुर सरपंच सुनील डबुल्या ने एसपी दमोह को संम्पूर्ण मामले की सत्यता की विवेचना करने अपना ज्ञापन सौपा है। ज्ञातव्य हो की इसी मामले में सुनील डबुल्या एवं सकल जैन समाज बांदकपुर के अलावा ग्राम वासियों ने 8 मई 2024 को थाना हिण्डोरिया पहुंचकर मामले की सत्यता की जांच करने संबंधी ज्ञापन सोपा था। जहाँ थाना टीआई अमित गौतम ने सत्य की जांच कर दूध का दूध पानी का पानी करने का आश्वासन दिया था। अब देखना है कि इन ज्ञापनों एवं आवेदनों के उपरांत पुलिस कैसे कानून का राज एवं विश्वास कायम रख पाती है।